दिन– रविवार दिनांक– 07/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए शुरुआत में दस हजार रुपये सीधे उनके बैंक खातों में दिए जायेंगे। इसके बाद लाभार्थी महिला के काम का आकलन कर अतिरिक्त दो लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में इस योजना के लिए एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया, जिसमें आवेदन की प्रक्रिया और उससे जुड़ी अन्य जानकारी प्रदान की गई है। इस पोर्टल के जरिये महिलाएं सीधे रोजगार के लिए आवेदन कर सकेंगी और योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने योजना के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए दो सौ पचास प्रचार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यंत्री ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सहित अन्य कैबिनेट मंत्री भी मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सीवान जिले में पांच सौ अंठावन करोड़ पैतीस लाख रूपये की लागत वाली नौ विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें जिले के मैरवा, मोहम्मदपुर से छपिया–टेढ़ी घाट गोपालपुर पथ का चौड़ीकरण, सीवान रेवले स्टेशन से पचरूखी रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी का निर्माण और माधोपुर–महाराजंग में विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण सहित कई योजनायें शामिल हैं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थि थे।

---

केन्द्र सरकार ने प्रदेश के आठ जिलों की दस सड़कों के लिए छह सौ पचहत्तर करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, केन्द्रीय सड़क और बुनियादी ढांचा कोष योजना के तहत बक्सर, सारण, भागलपुर, पूर्णियां, अररिया, नवादा, मधुबनी और पूर्वी चम्पारण जिले में सड़कों का निर्माण करायेगा।

————————————————————————

पुरुष एशिया कप हॉकी चौम्पियनशिप का फाइनल आज शाम भारत और कोरिया के बीच खेला जाएगा। यह मैच बिहार के राजगीर में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। भारतीय टीम एशिया कप तीन बार जीत चुकी है। कोरिया ने पिछली बार यह खिताब जीता था। मौजूदा चौम्पियनशिप में भारतीय टीम अब तक अजेय रही है। भारतीय टीम मलेशिया और चीन जैसी मजबूत टीमों को हराकर फाइनल में पहुंची है। आज ही चौम्पियनशिप में तीसरे स्थान के लिए मलेशिया और चीन के बीच प्लेऑफ मैच शाम पांच बजे होगा।

————————————————————————

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण के कारण कल प्रदेश के सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, बक्सर, औरंगाबाद, सीवान, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण सहित कई जिलों के अनेक स्थानों पर बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अररिया और किशनगंज जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

————————————————————————

आज भाद्रपद की पूर्णिमा है। यह पूर्णिमा पितृ पक्ष की शुरुआत का प्रतीक है, जो पितरों की आत्मा की शांति के लिए महत्वपूर्ण है। आज श्रद्धालुओं द्वारा पूर्वजों के आत्मशांति के लिए फल्गु नदी में स्नान कर खीर का पिंडदान किया जा रहा है। इधर, पटना के पुनपुन में भी अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की आज से शुरूआत हो गयी है।

————————————————————————

आज वर्ष का दूसरा चंद्र ग्रहण है। यह पूर्ण चन्द्र ग्रहण होगा। यह ग्रहण बिहार सहित पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ेगा। चंद्रग्रहण रात नौ बजकर सत्तावन मिनट से शुरू होकर मध्य रात्र एक बजकर छब्बीस मिनट पर समाप्त होगा। रात ग्यारह बज कर बयालीस मिनट पर पूर्ण चन्द्र ग्रहण होगा।

———————————————————————————

समाप्त